देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 342 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...'स्टार्ट अप इंडिया' का लाभ



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 28 फरवरी 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 14.0°

39745.66

2 पवित्र स्थलों की यात्रा भी प्रभावित

7 भारत ने न्यूजीलैंड को 3 रनों से हराया

## संक्षिप्त समाचार

### जेल में बंद आजम खान से मिलकर बोले अखिलेश यादव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सीतापुर। फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट केस में समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और आजम की पत्नी तंजीन फातिमा जेल में हैं। बुधवार को सरेंडर करने के बाद तीनों को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। अपने करीबी आजम खान से मिलने के लिए एसपी चीफ अखिलेश यादव गुरुवार को सीतापुर जेल पहुंचे। आजम खान से मिलने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, तब से ही आजम खान के खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। आपको बता दें कि अब्दुल्ला आजम के दो बर्थ सर्टिफिकेट केस में कोर्ट ने तीनों की संपत्ति जब्त करने का नोटिस जारी कर दिया था।

### हिंसा के कारण सीबीएसई ने फिर स्थगित की 10वीं–12वीं की परीक्षाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में हिंसा को लेकर सीबीएसई ने फिर से बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित करने का फैसला लिया है। इस बार सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 28 और 29 फरवरी को होने वाली परीक्षाएं स्थगित की गई हैं। सीबीएसई से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में हिंसा को लेकर बच्चों की सुरक्षा के कारण लगातार परीक्षाएं स्थगित की जा री हैं।

### सीआरपीएफ के रक्षक अब कर रहे हैं ब्लड डोनेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की सड़कों पर जब नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोधी और समर्थक भिड़े तो हिंसा में कई घरों के चिराग बुझ गए। किसी ने अपनों को खोया, तो कोई अपनों को अस्पताल में मौत और जिंदगी के बीच जूझता देख रहा है। दिल्ली की इसी सड़क पर हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की दंगाइयों ने जान ले ली, तो गंभीर रूप से घायल डीसीपी अमित शर्मा का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# हिंसा पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान

## केजरीवाल का ऐलान- मृतकों के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा

■दंगाइयों के साथ हाथ में डंडा लिए दिखा आप का ताहिर हुसैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा के बाद अब हालात में सुधार हो रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हिंसा में कमी आई है। हिंसा में अब तक 36 जानें गई हैं। घायलों की तादाद 200 के पार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को दो–दो लाख का मुआवजा दिया जा एगा। जिसका घर जला उन्हें 5 लाख का मुआवजा मिलेगा। जिन लोगों की दुकानें जलीं है उन्हें भी 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

**फरिश्ते योजना के तहत घायलों का फ्री इलाजः** दिल्ली हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कोई भी घायल अगर प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराता है तो उसका खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। फरिश्ते योजना के तहत सभी घायलों का फ्री में इलाज कराया जाएगा। दिव्यांग हुए लोगों को 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। हिंसा में अनाथ होने वाले बच्चों को 3–3 लाख मुआवजा दिया जाएगा।

**मृतकों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को दो लाखः** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ितों को फ्री में खाना पहुंचाएगी। हेल्पलाइन नंबर जारी किए जा रहे हैं। मोहल्लों में शांति और अमन बनाए रखने के लिए हर जगह पीस कमेटी बनाई जा रही है। दिल्ली सरकार की तरफ से हिंसा पर लगाम के लिए हरसंभव जरूरी कदम उठाया जा रहा है।



### ताहिर हुसैन दोषी है तो डबल सजा दो

नई दिल्ली। दिल्ली के चांदबाग इलाके से हिंसा के विडियो में आप के पार्षद ताहिर हुसैन के दिखने के बाद से केजरीवाल सरकार पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। सुबह में तो पार्टी ताहिर का बचाव करती दिख रही थी लेकिन शाम होते–होते सीएम अरविंद केजरीवाल ने साफ कह दिया कि अगर हिंसा में उनकी पार्टी का कोई भी नजर आया है तो उसपर डबल कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें कि ताहिर के घर की छत से जांच के दौरान पेट्रोल बम, पत्थर और गुलेल बरामद हुए हैं। हालांकि, ताहिर ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा है कि कुछ लोग जबरन उसके छत पर चढ़ गए थे और उन्होंने पुलिस को मदद के लिए भी बुलाया था।

### ताहिर हुसैन की फैक्ट्री सील की

उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा की जांच के लिए एसआईटी का गठन, सभी मामलें क्राइम ब्रांच की एसआईटी को ट्रांसफर। दिल्ली पुलिस ने हिंसा फैलाने के आरोपी आप पार्षद ताहिर हुसैन की खजूरी खास स्थित फैक्ट्री सील की। ताहिर हुसैन ने दंगे में किसी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है। उसने कहा, मैं बिल्कुल निर्दोष हूं। मैंने संजय सिंह से भी मदद मांगी थी। दंगा भड़काने वाले अंकित शर्मा की हत्या के जिम्मेदार हैं, मुझे फंसाया जा रहा है। ये कपिल मिश्रा की साजिश है।

### सोनिया ने राष्ट्रपति से की शाह को हटाने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली हिंसा मामले पर अब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास पहुंची हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा और गृह मंत्री अमित शाह को हटाने की मांग की। सोनिया ने कहा कि हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया। सोनिया ने आगे कहा कि उम्मीद है कि राष्ट्रपति इसपर जरूरी कदम उठाएंगे।

सोनिया गांधी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने दिल्ली हिंसा को केंद्र सरकार की बड़ी नाकामी बताया है। राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेताओं के दल में पी चिदंबरम, गुलाम नबी आजाद, मल्लिकार्जुन खड़गे, अहमद पटेल आदि शामिल थे।

# राजीव की तरह सोनिया ने भी उकसाया

## बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया लोगों को भड़काने का आरोप

■ताहिर हुसैन, विधायक अमानतुल्ला और एआईएमआईएम नेता वारिस पठान पर आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी कि इस पर सियासी घमासान मच गया है। हिंसा को दिल्ली को किसने भड़काया? इसके जवाब में बीजेपी कांग्रेस में आरोप–प्रत्यारोप चल रहा है।

कांग्रेस पार्टी के नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास पहुंचे और अमित शाह को हटाने की मांग की। इस बीच बीजेपी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने सीएए को लेकर लोगों को भड़काया। उन्होंने कहा कि 1984 में जिस तरह राजीव गांधी ने लोगों को भड़काया उसी तरह सोनिया ने भी लोगों को उकसाया। जावड़ेकर ने आईबी कर्मचारी अंकित शर्मा की हत्या को लेकर घिरे आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। जावड़ेकर ने कहा है कि अब दिल्ली में स्थिति काबू में है, जांच



की जा रही है और दोषियों को सजा दी जाएगी। ऐसी स्थिति में हर पार्टी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि लोगों से बात की जाए और शांति स्थापित करने की कोशिश हो, लेकिन ऐसा कुछ हो नहीं रहा है। विधानसभा में मुंख्यमंत्री उनका मजहब बता रहे हैं जो मारे गए हैं।

### कांग्रेस के बाकी नेताओं को भी घेरा

बीजेपी ने कांग्रेस बाकी नेताओं पर भी हमला करते हुए कहा कि मणिशंकर शाहीन बाग गए और भड़काया। वह तो पाकिस्तान भी गए और कहा कि शाहीन बाग से आशा नजर आ रही है। शशि थरूर ने जाकर भी शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को अपना समर्थन दे दिया। ताहिर हुसैन को हर मीडिया चौनल दिखा रहा है, उनके घर से असलहा मिला है, दंगे की तैयारी मिली है, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही चुप हैं।

# कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को 13 अप्रैल तक दी मोहलत

बीजेपी नेताओं के खिलाफ हेट स्पीट का मामला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में बीजेपी नेताओं के खिलाफ भड़काऊ को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 13 अप्रैल तक की मोहलत दी है। 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। सॉलिसिटर जनरल ने कहा बीजेपी के तीनों नेताओं के नफरत भरे कथित भाषणों को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए केंद्र और पुलिस को याचिका पर जवाब दाखिल करने की जरूरत है।

# जातिगत जनगणना नीतीश के लिए 'ब्रह्मास्त्र'?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में गुरुवार को जाति आधारित जनगणना को लेकर विधानसभा में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास कराया गया है। प्रदेश विधानसभा के सभी दलों ने राज्य में साल 2021 में जातीय आधार पर जनगणना कराने को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले को सत्तापत्र के साथ–साथ विपक्ष के नेताओं का भी पूरा समर्थन मिला है। तमाम राजनीतिक मुद्दों पर एक दूसरे के खिलाफ रहने वाले आरजेडी–जेडीयू इस बार इस मुद्दे पर एक साथ खड़े दिखे हैं।

चुनावी साल में हुए इस फैसले के कई मायने भी हैं, पर सबसे बड़ा अर्थ उस चुनाव से जुड़ता है जिसे इस साल के अंत में कराया जाना है। माना जा रहा है कि नीतीश इस फैसले से खुद को पिछड़ों के एक ऐसे विश्वासपात्र के रूप में प्रशस्त करना चाहते हैं, जो कि सिर्फ विपक्ष ही नहीं बीजेपी को भी चुनावी समर में अपनी ताकत का एहसास करा सके।

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा का चुनाव होना है। सियासत की जैसी स्थितियां हैं, उन स्थितियों में यह माना जा रहा है कि नीतीश इस बार भी एनडीए गठबंधन के साथ अपनी दावेदारी करेंगे। नीतीश ने इसे लेकर संकेत भी दे दिए हैं और बीजेपी खुद भी उनके नाम का समर्थन कर रही है। लेकिन अगर अतीत पर गौर करें तो यह दिखता है कि नीतीश 2015 के चुनाव में आरजेडी के साथ महागठबंधन के नेता के रूप में ही सत्ता में आए थे। इसके बाद परोक्ष रूप से बीजेपी ने जेडीयू को समर्थन दिया तो सत्ता के केंद्र में बैठी आरजेडी विपक्षी बन गई।

### जातिगत जनगणना

■बिहार में जाति आधारित जनगणना कराने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित

### सीक्रेट फार्मूले पर काम कर रहा एनडीए

जातीय जनगणना भी बीजेपी–जेडीयू गठबंधन के उसी सीक्रेट प्लान का हिस्सा है, जिसपर बीते 2–3 सालों से बिहार में काम किया जा रहा है। यह प्लान लालू यादव के जेल जाने के बाद से ही प्रभावी है और इसी के तहत भूपेंद्र यादव और नित्यानंद राय सरीखे नेताओं को सरकार से लेकर संगठन तक तरजीह दी गई है। यह प्लान बिहार की पिछड़ी जातियों, खासकर यादव वोटरों को अपने पक्ष में खींचने का है और इसी का एक पक्ष जातीय जनगणना का फैसला भी है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in